वर्ष- 3 , अंक- 143
छपरा
25 अप्रैल शनिवार
2026
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

**बंगाल में बदलाव का दावा:**

# मोदी बोले- टीएमसी का दीया बुझने वाला

## शाह ने कहा- अगला सीएम यहीं जन्म लेने वाला होगा, बस दीदी का भतीजा नहीं होगा

**कोलकाता,एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दमदम में रैली की। उन्होंने कहा कि टीएमसी का दिया बुझने वाला है। बुझता दिया फड़फड़ाता है। बंगाल में परिवर्तन की लहर है। पहले चरण की वोटिंग ने इस पर मुहर लगा दी है।

पीएम ने महिला आरक्षण पर कहा कि भाजपा बेटियों के सपने कुचलने नहीं देगी। महिलाओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होगी।

इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा कि 4 मई को हमारी सरकार बनेगी। बंगाल का अगला सीएम यहीं जन्म लेने वाला होगा। बस दीदी का भतीजा नहीं होगा।बंगाल में गुरुवार को पहले फेज में 152 सीटों पर रिकॉर्ड 92.72% मतदान हुआ है। दूसरे फेज में 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। रिजल्ट 4 मई को आएंगे।



**पीएम ने कहा- 15 साल में TMC ने बंगाल को सिर्फ लूटने का काम किया :**पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जाधवपुर में कहा कि बंगाल में पहले चरण का मतदान हो चुका है। पहले चरण में बंपर मतदान हुआ है। देश आजाद होने के बाद कभी ऐसा नहीं देखा जो इस बार बंगाल के लोगों ने कर दिखाया। हर तरफ यही चर्चा है कि भाजपा को कितना बड़ा समर्थन बंगाल में मिला है। आज बंगाल के छोटे दूकानदारों से लेकर बड़े व्यापारी तक, सब भयमुक्त होकर भाजपा की सरकार के लिए समर्थन दे रहे हैं। हर कोई परिवर्तन के लिए भाजपा के भरोसे पर बंगाल का भाग्य बनाने के लिए तैयार हैं। पिछले 15 साल में TMC ने बंगाल को सिर्फ और सिर्फ लूटने का काम किया है। ऐसा कोई काम नहीं जहां ञस्ष्ट का भ्रष्टाचार नहीं इसलिए बंगाल की जनता कह रही है 'भर्ती घोटाला चोलबे न'(भर्ती घोटाला नहीं चलेगा), चीट फंड घोटाला, कोयला खनन घोटाला, गरीबों के राशन की लूट, तस्करों को छूट, कटमनी, भ्रष्टाचार नहीं चलेगा।

### पीएम मोदी ने हुगली नदी में नाव की सवारी की

**नाव चलाने वाले को गले लगाया, 1000 दिए;**





**कोलकाता,एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हुगली नदी में नाव की सवारी की है। इस दौरान पीएम ने खुद से फोटोग्राफी भी की। तस्वीरों में वे हाथ में कैमरा लिए नजर आ रहे हैं। उन्होंने नाविकों से बातचीत भी की। हुगली में नाव की सवारी कराने वाले नाविक को एक हजार रुपए भी दिए। पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर नाव की सवारी वाली तस्वीरें शेयर की। उन्होंने लिखा, 'हर बंगाली के लिए गंगा का एक बहुत ही खास स्थान है। यह कहना गलत नहीं होगा कि गंगा बंगाल की आत्मा में बहती है।' इससे पहले पीएम 19 अप्रैल को चुनाव प्रचार के दौरान झाड़ग्राम में रास्ते में वह एक दुकान पर रुके और झालमुड़ी खाई।

सात महीने प्रेग्नेंट नाबालिग को अबॉर्शन की इजाजत

# सुप्रीम कोर्ट बोला- यह बच्चा नहीं, महिला की इच्छा का सवाल, उसे डिलीवरी के लिए मजबूर नहीं कर सकते

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने एक अहम फैसले में सात महीने से ज्यादा समय से प्रेग्नेंट 15 साल की नाबालिग लड़की को मेडिकल टर्मिनेशन (अबॉर्शन) की इजाजत दी। लड़की ने साफ तौर पर कहा था कि वह प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा, 'यह जन्म लेने वाले बच्चे का सवाल नहीं है। जरूरी यह है कि महिला क्या चाहती है। अगर महिला बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। भले ही बच्चे को जन्म के बाद गोद देने का ऑप्शन मौजूद हो।' सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि इस स्टेज पर अबॉर्शन करना मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने डिलीवरी के बाद बच्चा गोद देने का सुझाव दिया था। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि बच्चे को सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी के जरिए गोद दिलाने की व्यवस्था की जा सकती है, जिससे लड़की और उसके परिवार की पहचान सुरक्षित रहे।




### कोर्ट ने कहा- कोर्ट वहीं करेगा जो महिला के हित में बेहतर होगा

कोर्ट ने कहा कि अगर अदालतें अनचाही गर्भावस्था को जारी रखने पर जोर देंगी, तो महिलाएं अवैध अबॉर्शन सेंटर्स का सहारा लेने या छिपकर गर्भपात कराने को मजबूर हो सकती हैं। इससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बढ़ जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा कि ऐसे मामलों में संवैधानिक अदालतों को यह देखना चाहिए कि गर्भवती महिला के हित में क्या बेहतर है, खासकर तब जब गर्भ स्पष्ट रूप से अनचाहा हो। अंत में कोर्ट ने नाबालिग का AIIMS दिल्ली में सभी जरूरी मेडिकल सावधानियों के साथ अबॉर्शन कराने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने कहा, 'किसी महिला, खासकर नाबालिग, को इच्छा के खिलाफ प्रेग्नेंसी पूरा करने के लिए मजबूर करना उसके मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकता है। इसलिए उसकी इच्छा का सम्मान करना जरूरी है।' कोर्ट ने कहा कि प्रजनन संबंधी फैसले लेने का अधिकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमा का हिस्सा है। इसलिए गोद देने का विकल्प किसी महिला को जबरन बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर करने का आधार नहीं बन सकता।

## नरवणे बोले- चीन गतिरोध में सरकार ने अकेला नहीं छोड़ा

### राहुल का दावा था- पीएम पूर्व आर्मी चीफ से बोले थे जो उचित समझो, करो



**नई दिल्ली,एजेंसी।** पूर्व आर्मी चीफ चीफ जनरल एमएम नरवणे ने गुरुवार को कहा कि 2020 में चीन के साथ गतिरोध में सरकार ने सेना को अकेला नहीं छोड़ा था। सरकार पूरी तरह से सपोर्ट में थी और पूरा अधिकार दिया था कि हालात बिगड़ने पर चीनी सैनिकों पर गोलियां चला सकें। जनरल नरवणे ने गुरुवार को कुछ चैनल्स को दिए इंटरव्यू में अपनी किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' से जुड़े विवादों पर बात की। इंडिया टुडे से बातचीत में कहा, 'जो उचित समझो वह करो' टिप्पणी सशस्त्र बलों पर सरकार के पूरे भरोसे को दर्शाती है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जमीनी स्थिति का जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों को फ्री हैंड दिया गया था। दरअसल, राहुल गांधी ने 2 और 3 फरवरी को संसद में नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' का हवाला देकर चीन घुसपैठ और अग्निवीर योजना के रीव्यू का मुद्दा उठाया था। इसके बाद उन्होंने दावा किया था कि सरकार ने सेना को अकेला छोड़ दिया था। इसके बाद वे किताब लेकर भी संसद पहुंचे थे।

## मणिपुर में मेइरा पाईबी की महिलाएं उतरीं सड़कों पर

### दिन में रास्ते रोक कर धरना, रात में मशाल रैलियों से कानून-व्यवस्था संभाल रहीं

**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर में बीते 7 अप्रैल को रॉकेट हमले में दो बच्चों की मौत हो गई थी। प्रदर्शनों में 3 मौतें हो गई थीं। तबसे विरोध-प्रदर्शन चल रहे हैं। अशांति के बीच 18 अप्रैल से पूर्ण बंद लागू है। सामान्य जीवन ठप है। इसी बीच अब मेइरा पाइबी समूह की महिलाएं सड़कों पर उतर आईं हैं। हजारों महिलाओं का यह समूह शांति-व्यवस्था के लिए न केवल सड़कों पर प्रदर्शन कर रहा है, बल्कि सामाजिक स्तर पर लोगों को भी जोड़ रहा है।



ये महिलाएं दिन में रास्ते रोक रही हैं, धरना दे रही हैं। वहां से न पुलिस निकल सकती है, न कोई और। वहीं, रात में मशाल रैलियों से इलाकों की पहरेदारी भी कर रही हैं। एक प्रदर्शनकारी महिला ने बताया- घर संभालना, आंदोलन में जाना और रोजी-रोटी की चिंता, तीनों को साथ लेकर चलना चुनौतीपूर्ण है। इसके बावजूद यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं हर चीज संतुलित कर रही हूं।

### बड़े स्तर पर आंदोलन की तैयारी :

- लगातार बंद के कारण आर्थिक दबाव भी बढ़ रहा है। ख्वैरामबंद इमा मार्केट में कुछ महिला विक्रेता दुकानें खोलने को मजबूर हुई हैं। अनीता लौरेंबम ने कहा कि इसका मतलब यह नहीं कि वे आंदोलन के खिलाफ हैं। वे इस काम के बाद आंदोलन में शामिल होंगी।
- नागरिक संगठन 'कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी' ने 25 अप्रैल को बड़े स्तर पर आंदोलन की घोषणा की है।

## आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा भाजपा में

### 10 में से 7 सांसद साथ होने का दावा, अशोक मित्तल ने ईडी छापे के 10वें दिन पार्टी छोड़ी



**चंडीगढ़ ,एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने भाजपा जॉइन करने का ऐलान किया। शुक्रवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ संदीप पाठक और अशोक मित्तल भी मौजूद थे। चड्ढा ने कहा कि उनके साथ पार्टी के दो-तिहाई सांसद भी भाजपा में शामिल होंगे। अशोक मित्तल के घर 15 अप्रैल को श्वष्ठ ने छापेमारी की थी। उन्होंने कहा कि क्रिकेटर हरभजन सिंह और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल भी उनके साथ हैं। दोनों आप के राज्यसभा सांसद हैं।

चड्ढा ने कहा- पिछले कुछ सालों से, मुझे यह महसूस हो रहा था कि मैं गलत पार्टी में सही आदमी हूं। हमने यह फैसला किया है कि हम संविधान के प्रावधानों का इस्तेमाल करते हुए खुद को भाजपा में मिला लेंगे।

राघव चड्ढा ने कहा- राज्यसभा में आप के 10 सांसद हैं, जिनमें से दो-तिहाई, यानी 7 हमारे साथ हैं।

**इनके नाम-**

राघव चड्ढा
संदीप पाठक
राजेंद्र गुप्ता
विक्रम साहनी
स्वाती मालीवाल
हरभजन सिंह
अशोक मित्तल

# यूपी-राजस्थान और महाराष्ट्र के 4 शहरों में पारा 44डिग्री पार

**ओडिशा के 4 जिलों में स्कूल बंद; केरल में लू लगने से एक की मौत**

**नई दिल्ली/ भोपाल/जयपुर/ लखनऊ, एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। यूपी, राजस्थान और महाराष्ट्र के 4 शहरों में पारा 44डिग्री के पार पहुंच गया है। गुरुवार को राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान सबसे ज्यादा 44.5डिग्री दर्ज हुआ। यूपी के प्रयागराज और महाराष्ट्र के अमरावती में 44.4डिग्री, वहीं अकोला में 44.3डिग्री पारा रिकॉर्ड हुआ।





बढ़ती गर्मी के कारण राजस्थान के जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर और दौसा में स्कूलों की टाइमिंग समय सुबह 7.30 बजे से कर दी गई है।

बीकानेर, झुंझुनूं और जैसलमेर में सरकारी योजनाओं काम के समय में भी बदलाव किया गया है। अब मजदूर सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक ही काम करेंगे। इधर, केरल में लू लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कन्नूर जिले में बढ़ते तापमान के बीच गर्मी से हुई मौत का यह पहला मामला है।

ओडिशा में भी गुरुवार को हीटवेव का असर जारी रहा। झारसुगुड़ा और तालचेर में तापमान 44डिग्री दर्ज किया गया। राज्य के 24 जगहों पर तापमान 40डिग्री और उससे ज्यादा रहा। कटक में स्कूल और कॉलेजों की छुट्टियां 27 अप्रैल तक बढ़ा दी गई हैं। वहीं रायगढ़ा, झारसुगुड़ा और गंजाम जिलों में 26 अप्रैल तक स्कूल बंद रहेंगे।

### असम-मेघालय में बारिश-ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट

गर्मी के मौसम से इतर पूर्वोत्तर के असम-मेघालय में आज भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। यहां ओले गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है। तटीय राज्यों में उमस भरा मौसम रहेगा। इसके अलावा नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर कर्नाटक के कई जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है।

## तेलंगाना में बस ड्राइवर ने खुद को आग लगाई

### RTC कर्मचारियों का प्रदर्शन; सरकार में विलय की मांग पर 3 दिनों से हड़ताल

**हैदराबाद,एजेंसी।** तेलंगाना के वारंगल जिले में बस ड्राइवर ने खुद को पेट्रोल डालकर आग लगा ली। 50 साल के RTC कर्मचारी शंकर गौड़ अन्य ड्राइवरों के साथ राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन पर बैठे थे। आग की वजह से वे गंभीर रूप से झुलस गए।

शंकर को वारंगल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत बिगड़ने पर उन्हें हैदराबाद के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान शुक्रवार तड़के करीब 1:30 बजे उनकी मौत हो गई। दरअसल, RTC कर्मचारियों की संयुक्त कार्रवाई समिति (JAC) ने 22 अप्रैल से विरोध कार्यक्रमों का ऐलान किया था। वे शांतिपूर्ण मार्च और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपने वाले थे। कर्मचारी 32 मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिनमें RTC के सरकारी विलय की मांग प्रमुख है।

**सीएम ने शोक जताया :** घटना पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार हर संभव मदद करेगी और उनके साथ खड़ी रहेगी।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए राज्यसभा में नोटिस

### इस पर 73 सांसदों के दस्तखत, मार्च में दोनों सदनों में खारिज हो चुका प्रस्ताव

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष ने शुक्रवार को राज्यसभा में नोटिस दिया। इस पर 73 सांसदों के दस्तखत हैं।

इससे पहले मार्च में विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में नोटिस दिया था। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन नोटिसों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उन्हें हटाने के लिए आवश्यक उच्च संवैधानिक मानदंडों को पूरा नहीं करते।



**100 सांसदों के दस्तखत जरूरी**

लोकसभा में CEC को हटाने के प्रस्ताव के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं। राज्यसभा में इसके लिए कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं।

## इस्लाम में महिलाओं के मस्जिद आने पर रोक नहीं

### बेहतर ये कि वे घर पर ही इबादत करें, सबरीमाला केस में याचिकाकर्ता की दलील



**नई दिल्ली,एजेंसी।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) ने कोर्ट से कहा कि इस्लाम महिलाओं को नमाज के लिए मस्जिद आने से नहीं रोकता है, लेकिन यह बेहतर है कि वे घर पर ही इबादत करें। AIMPLB की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एम.आर. शमशाद ने CJI सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-जजों की संविधान बेंच को बताया कि महिलाओं को कुछ नियमों के अधीन मस्जिद में नमाज पढ़ने की अनुमति है। उन्होंने अदालतों से धार्मिक रीति-रिवाजों को न्यायिक रूप से तय नहीं करने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा यह मुद्दा इसलिए आया है क्योंकि एक रिट याचिका में मांग की गई थी कि महिलाओं को मस्जिदों में नमाज पढ़ने की अनुमति दी जाए।

**सबरीमाला मामले पर 7 अप्रैल से शुरू हुई सुनवाई :** सबरीमाला मंदिर मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू हुई है। पहले 3 दिन, 9 अप्रैल तक सुनवाई हुई।

## ट्रम्प के पास जंग जारी रखने के लिए 7 दिन

- **1 मई से पहले अमेरिकी संसद की मंजूरी जरूरी, पार्टी के 10 सांसद विरोध में**



**वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** ट्रम्प ईरान को बार-बार सीजफायर की मोहलत देकर वार्ता को उतावले हो रहे हैं। परदे के पीछे इसका एक बड़ा सियासी गणित है, जो उन्हें सता रहा है। ट्रम्प संसद (सीनेट) की मंजूरी से कतरा रहे हैं। अमेरिकी संविधान के अनुसार, किसी भी युद्ध को 60 दिन में संसद की मंजूरी लेनी पड़ती है। यहां भी ट्रम्प ने खेल किया। युद्ध 28 फरवरी को छेड़ा, संसद को 2 मार्च को सूचित किया। अब 1 मई से पहले उन्हें संसद से युद्ध की मंजूरी लेनी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प संसद का सामना नहीं करना चाहते हैं। 100 सदस्यों वाली सीनेट में ट्रम्प के 53 सांसद हैं। जबकि विपक्षी कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 47 हैं। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के ही लगभग 10 सांसद ईरान युद्ध के विरोध में आवाज उठा चुके हैं। जबकि विपक्षी डेमोक्रेट एकजुट रहने वाले हैं। ऐसे में अब ट्रम्प 1 मई से पहले किसी भी तरह युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। इस कानून में 60 दिन के बाद एक विकल्प और है। राष्ट्रपति एक बार के लिए 30 दिन का अतिरिक्त समय ले सकते हैं, लेकिन यह सिर्फ सैनिकों की सुरक्षित वापसी के लिए होता है, न कि युद्ध जारी रखने के लिए। एक और बड़ा सवाल यह है कि क्या ट्रम्प इस समय सीमा को नजरअंदाज कर सकते हैं। अमेरिका के कई राष्ट्रपति पहले भी यह दलील देते रहे हैं कि संविधान उन्हें सेना के प्रमुख के रूप में कई बड़े अधिकार देता है, इसलिए इस तरह की कानूनी सीमाएं पूरी तरह लागू नहीं होतीं।

## बिहार के 11 प्रमुख शहरों में जमीन खरीद-बिक्री पर रोक का निर्णय आमजनों के हित के खिलाफ- आकाश सिंह

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** बिहार में नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण के बाद ही पहली कैबिनेट बैठक में लिए गए एक निर्णय से जमीन कारोबारियों एवं राजनीति गलियारों में हलचल मचा के रखी दी हैं। नए सरकार के गठन के साथ ही एक आदेश से छपरा समेत बिहार के 11 प्रमुख शहरों में जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई हैं। वही सरकार के इस नए फरमान के बाद लोगों में काफी उत्थल-पुथल की स्थिति बन गई हैं। इसी मामले को लेकर महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस नेता आकाश कुमार सिंह ने बिहार के 11 प्रमुख शहरों में जमीन खरीद बिक्री में रोक के साथ ही सारण जिला में ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन खरीद बिक्री पर रोक लगाई जाने पर करी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा की यह फैसला केवल पूंजीपतियों की फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से लाया गया है, वर्तमान आर्थिक परिस्थिति में ऐसा निर्णय हैरान करने वाला है, और आम जनता के हित के खिलाफ है। जमीन की खरीद बिक्री राज्य का राजस्व का बड़ा स्रोत है, ऐसे में इस फैसले से बिहार की आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है। जमीन खरीद बिक्री से आम किसान, शादी-विवाह, शिक्षा, परिवारिक जीवन और आर्थिक सुरक्षा का प्रमुख्य माध्यम है। ऐसे में इस तरफ के फैसले पर सरकार को पुनः विचार करने की जरूरत है।



## अनियंत्रित पिकअप से कुचलकर एक बृद्ध बुरी तरह जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी ताजपुर मुख्यमार्ग पर डुमरी गांव के समीप अनियंत्रित पिकअप से कुचलकर एक बृद्ध बुरी तरह जख्मी हो गया। बाद में ग्रामीणों ने जख्मी बृद्ध को तत्काल मांझी सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में बुरी तरह जख्मी बृद्ध को छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा बेहतर इलाज हेतु छपरा ले जाते समय जख्मी बृद्ध ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक मांझी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी देवनाथ प्रसाद उम्र 75 वर्ष बताया जाता है। मृतक के पुत्र कुन्दन प्रसाद ने दुर्घटना की जानकारी देते हुए बताया कि उनके माता व पिता घर के सामने स्थित एक चापाकल पर हाथ पांव धो रहे थे तभी अनियंत्रित पिकअप ने उनके पिता को कुचल दिया। बाद में आक्रोशित ग्रामीणों ने खदेड़कर पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया हालांकि इसी दौरान मौका पाकर चालक पिकअप को छोड़कर वहां से फरार हो गया। उधर जख्मी बृद्ध को लेकर छपरा पहुँचे परिजनों ने मांझी थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## चार चक्का की चपेट में आने से बच्ची की मौत, परिजनों में छाया मातम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बहरौली गांव में चार चक्का की चपेट में आने से 4 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतक बहरौली गांव निवासी साहेब यादव की 4 वर्षीय पुत्री आराध्या कुमारी हैं। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि गांव में चार चक्का की चपेट में आ गई,जिसे इलाज के लिए आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित करते ही परिजनों में मातम छा गया। परिजनों के द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## जंगल में तब्दील शमशान और कब्रिस्तान, दाह संस्कार में परेशानी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत बनने के बाद जहां लोगों को क्षेत्र में विकास की नई उम्मीद जगी थी, वहीं जमीनी हकीकत इन उम्मीदों पर पानी फेरती नजर आ रही है। मशरक नगर पंचायत के तख्त टोला रेलवे ढाला के समीप स्थित शमशान घाट और कब्रिस्तान की स्थिति इन दिनों बदहाल है। हालात ऐसे हैं कि यहां हिंदू समुदाय का दाह संस्कार और मुस्लिम समुदाय के लोगों का मिट्टी देना भी लोगों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। चारों ओर फैले झाड़-झंखाड़, गंदगी और कचरे के कारण यह स्थान अब शमशान घाट कम और जंगल ज्यादा प्रतीत होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से नगर पंचायत बना तब से इस शमशान घाट की सफाई नहीं कराई गई है। हालांकि नगर पंचायत ने बोर्ड जरूर लगा दिया हैं परिणामस्वरूप यहां घास-फूस और झाड़ियां इतनी अधिक बढ़ गई हैं कि शव को ले जाकर अंतिम संस्कार करना भी कठिन हो गया है। कई बार तो लोगों को खुद ही रास्ता साफ कर दाह संस्कार करना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं मुस्लिम समुदाय के कब्रिस्तान तो बदहाल स्थिति में है वहीं कुछ इलाके में तों अतिक्रमण कर ली गई है।

**दाह संस्कार में हो रही परेशानी**

ग्रामीणों ने बताया कि शमशान घाट में न तो समुचित रास्ता है और न ही साफ-सफाई की कोई व्यवस्था। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। जलजमाव और कीचड़ के कारण शव को घाट तक ले जाना भी मुश्किल हो जाता है। झाड़ियों के बीच सांप-बिच्छुओं का खतरा भी बना रहता है, जिससे लोगों में भय का माहौल रहता है। स्थानीय निवासी नीरज कुमार सिंह, शैलेश महतो, दीपक कुमार सोनी समेत अन्य लोगों ने बताया कि जब शमशान घाट जैसी महत्वपूर्ण जगह की यह स्थिति है, तो नगर पंचायत के विकास कार्यों का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## मछली पकड़ने के विवाद को लेकर चाकूबाजी में एक शख्स घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के खैरनपुर गांव में पोखरे से जबरदस्ती मछली पकड़ने के विवाद में मारपीट के दौरान चाकूबाजी में एक शख्स घायल हो गया। घायल खैरनपुर गांव निवासी परशुराम मिश्रा का 42 वर्षीय पुत्र मुकेश रंजन उर्फ गुड्डू हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। बताया गया कि घायल ने पोखरें में मछली पाल रखा है उसी मछली को गांव के कुछ युवक जबरदस्ती पकड़ रहें थे। उसी को रोकने के दौरान विवाद हुआ। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही।

## गर्मी बढ़ते ही बिजली की आंख मिचौनी का खेल शुरू

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नगर से ग्रामीण क्षेत्रों तक लोग परेशान, पढ़ाई से लेकर रसोई तक प्रभावित सोनपुर। गर्मी का पारा चढ़ते ही सोनपुर प्रखंड क्षेत्र में बिजली की आंख-मिचौनी का खेल फिर शुरू हो गया है। नगर क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लगातार हो रही बिजली कटौती व लौ वोल्टेज से आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सरकार और बिजली विभाग द्वारा निर्बाध आपूर्ति के किए गए दावे अब खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। दिनभर उमस भरी गर्मी में बराबर बिजली आपूर्ति बाधित और रात में बार-बार बिजली गुल होने व लौ वोल्टेज से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। परीक्षाओं का समय नजदीक होने के कारण छात्र-छात्राएं बिजली नहीं रहने से रात में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं छोटे बच्चों और बुजुर्गों की हालत भी गर्मी से बेहाल है।महिलाओं को रसोई कार्य में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने से पानी की मोटर नहीं चल पा रही है, जिससे पानी संकट भी गहराने लगा है। कई घरों में इन्वर्टर जवाब दे चुके हैं, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने बताया कि कई बार बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली काट दी जाती है। कभी लो-वोल्टेज की समस्या तो कभी ट्रिपिंग के कारण पंखे, कूलर और अन्य उपकरण सही ढंग से काम नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी शुरू होते ही यही स्थिति बन जाती है, लेकिन विभाग द्वारा स्थायी समाधान नहीं किया जाता। लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# 35 करोड़ से बनेगा सोनपुर में नया व्यवहार न्यायालय भवन, वैदिक मंत्रोचारण के साथ हुआ भूमिपूजन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय परिसर में नए न्यायालय भवन का भूमि पूजन किया गया। शुक्रवार शाम को बाबा हरिहरनाथ मंदिर के अर्चक सुशील चंद्र शास्त्री व पवन शास्त्री के वैदिक मंत्रोच्चारण व रीति-रिवाज के साथ पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू द्वारा भूमि पूजन किया गया। 34 करोड़ 90 हजार रुपये की लागत से न्यायिक परिसर लगभग 2.27 एकड़ में बनने वाले भवन के भूमि पूजन के मौके पर न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद और न्यायमूर्ति ए. अभिषेक रेड्डी सहित अन्य न्यायाधीश मौजूद रहे, जबकि छपरा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग ने यजमान के रूप में पूजा संपन्न कराया। कार्यक्रम के पूर्व मुख्य न्यायाधीश को प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारण पुनीत कुमार गर्ग और अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने सभी न्यायधीश को बुके देकर स्वागत किया। इस योजना के अनुसार ?कोर्ट बिल्डिंग छह मंजिला संरचना जिसमें दस न्यायालय कक्ष होंगे.?एमेनिटी बिल्डिंग जी+4 संरचना, जो अधिवक्ताओं और वादकारियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी.?हाजत जी 1 संरचना जो सुरक्षा मानकों के अनुरूप निर्मित की जाएगी.कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर इसका शुभारम्भ किया गया. सभी न्यायधीश के अंगवस्त्र, मिथिला पाग और बाबा हरिहरनाथ का स्मृति चिह्न भेंट किया गया। सभी न्यायधीश ने भूमि पुजन के उपरांत वृक्षारोपण किए। इस मौके पर सोनपुर के अधिवक्ताओ ने सभी न्यायधीश के पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। नए भवन के निर्माण से अनुमंडलीय न्यायालय की कार्यप्रणाली और सुविधाओं में व्यापक सुधार होने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में सोनपुर अनुमंडलीय ब्यवहार न्यायालय के सब जज प्रथम गजाला प्रवीण ,सब जज दितीय अनुराग मिश्रा,मुंसिफ सहित मढ़ौरा के कई न्याय पदाधिकारी शामिल थे.इसके बाद जिला विधि संघ सारण के अध्यक्ष रविरंजन सिंह, महासचिव शशिभूषण त्रिपाठी, सोनपुर अधिवक्ता डा.नवल कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, विश्वनाथ सिंह, सुनील श्रीवास्तव, रमेश कुमार सिंह, आनंद कुमार सिंह सहित सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे। नए भवन के निर्माण से अनुमंडलीय न्यायालय की कार्यप्रणाली और सुविधाओं में व्यापक सुधार होने की उम्मीद है।

## बाल संसद के गठन के उपरांत विधिवत शपथ ग्रहण करवाया गया



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विद्या भारती विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर, छपरा में प्रत्येक वर्ष बाल संसद का गठन होता है, जिसका कार्यकाल एक वर्ष का होता है। सत्र 2026-27 के बाल संसद के गठन के उपरांत उनके अधिकारियों का विधिवत शपथ ग्रहण करवाया गया। बाल संसद के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने अधिकारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने भैया-बहनों को बिना किसी राग-द्वेष के निष्पक्ष होकर कार्य करने की सलाह दी। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री पद - बहन अनुष्का कुमारी (कक्षा- दशम), सह मंत्री सिद्धी रानी, मंत्री वंदना कुमारी, सह मंत्री वैभवी सवर्ण, सेनापति श्रुति (दशम ब), आरोही मिश्रा (नवम स) गौरी को शपथ ग्रहण कराया गया। किशोर वर्ग में मंत्री पद पर भैया नमन कुमार (दशम), सह मंत्री सत्यम कुमार (नवम), सेनापति प्रमुख सौरव कुमार (नवम),सह प्रमुख सत्य प्रकाश नारायण (दशम), बाल वर्ग मंत्री हिमांशु कुमार, सह मंत्री हर्ष कुमार, सेनापति आदित्य कुमार, सह सेनापति अमन कुमार, हर्षवर्धन ने शपथग्रहण किया। शिशु वर्ग में प्रधानमंत्री सच नंदिनी, मंत्री विशाल कुमार, सेनापति एवं सह मंत्री के लिए खुशबू कुमारी तथा श्रेया कुमारी ने शपथ ग्रहण किया।शपथ ग्रहण के सभी प्रमुख राजेश कुमार, मनीष कुमार, ऋचा गुप्ता, इंदु कुमारी तथा मीडिया प्रमुख अनिल कुमार आजाद ने बाल अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य बंधु-भगिनी राजेश कुमार पाठक, दिलीप पति तिवारी, संगीता कुमारी, दर्शना सिंह, गीतांजली कुमारी, प्राची कुमारी आदि उपस्थित थे।

## बनियापुर में जनगणना को लेकर प्रशिक्षण संपन्न



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** प्रखंड क्षेत्र के एम. डी. उच्च विद्यालय कन्हौली, बनियापुर में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के चौथे बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इससे पूर्व तीन बैच का प्रशिक्षण शिवनंदन बालदेव उच्च विद्यालय, धनाव में पूरा किया गया था।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, जनगणना, डिजिटल टूल्स के उपयोग, जियो-फेंसिंग एवं सेल्फ एन्यूमरेशन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही फील्ड कार्य में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों से निपटने के तरीके भी समझाए गए। मास्टर ट्रेनर पिंटू रंजन प्रसाद के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। प्रशिक्षण को पूरी तरह इंटरैक्टिव और व्यवहारिक बनाया गया, जिससे प्रतिभागियों की कार्यक्षमता में वृद्धि हुई। प्रशिक्षण के समापन के साथ ही सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक आगामी जनगणना कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए तैयार नजर आए।

## एसएसपी विनीत कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** सारण जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से एनएच-531 पर दाउदपुर-कोपा थाना क्षेत्र के बीच एसएसपी विनीत कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी छोटे-बड़े वाहनों को रोककर कागजात, सुरक्षा मानकों और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की गई, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और क्षेत्र में चौकसी का माहौल बना रहा। एसएसपी ने बताया कि ऐसे औचक अभियान आगे भी जारी रहेंगे। अभियान में एसडीपीओ-2 राजकुमार, इंस्पेक्टर किरण शंकर, कृपा शंकर, दाउदपुर थानाध्यक्ष निर्भय कुमार व कोपा थानाध्यक्ष संजीत कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। संयुक्त कार्रवाई में करीब 50 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया, साथ ही लोगों से नियमों का पालन करने और आवश्यक कागजात साथ रखने की अपील की गई।

## सोनपुर में जनगणना 2027 को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भारत में प्रस्तावित जनगणना 2027 को लेकर सोनपुर एस.पी.एस सेमनरी स्कूल सोनपुर में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन तक शुक्रवार के लगभग 600 शिक्षकों ने भाग लिया.जिसमें प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों, फिल्ड टेनर ने भाग लिया। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। बताया कि सही और सटीक आंकड़े उपलब्ध होने पर सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं की बेहतर योजना बना सकती है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण एवं आवासीय इकाइयों की गणना से संबंधित तकनीकी और व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर ने प्रतिभागियों को जनगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षक ने भी विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन किया। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना कार्य को सफल बनाने में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रशिक्षण चार्ज अधिकारी रईस अहमद के कार्य के प्रति अतिउत्तम योगदान रहा जिसके लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक अजीत कुमार सिंह ने प्रशिक्षण समापन के दौरान धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि प्रशिक्षक एवम चार्ज अधिकारी द्वारा बेहतरीन ढंग से प्रशिक्षण दिया गया.इसलिए सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारी को गंभीरता से समझ कर उसे व्यवहार में लागू करे और पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करे और भारत में प्रस्तावित जनगणना 2027 को सफल बनाये।

## मंगलाचरण के साथ नवम वर्ग के छात्र छात्राओं का विद्यालय में हुआ स्वागत

**वद्यालय प्रशासन ने कक्षा प्रारंभ के प्रथम दिन सभी को पुष्प गुच्छ दिया**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मशरक प्रखंड मुख्यालय अवस्थित राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवम का पठन पाठन समारोहपूर्वक प्रारंभ हुआ। मध्य विद्यालयों से उत्तीर्ण नव नामांकित छात्र छात्राओं को विद्यालय में प्रथम दिन प्रवेश पर विद्यालय के सीनियर छात्र छात्राओं ने पुष्प गुच्छ देकर सभी का स्वागत किया। नवम कक्षा का उद्घाटन प्रधानाध्यक अरुण कुमार बरनवाल एवं वरीय शिक्षक संजय कुमार सिंह , डॉ मनोज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर शिक्षक प्रभात चंद्र भूषण , दयानंद सत्यार्थी , राजेंद्र कुमार , प्रियंका भास्कर , सुनील तिवारी , रिंकी कुमारी सहित अन्य थे। विद्यालय परिसर में मंगलाचरण के साथ स्वागत के साथ पुष्प वर्षा के बीच कक्षा में प्रवेश से सभी छात्र छात्रा काफी खुश दिखे। विद्यालय प्रशासन ने सभी छात्र छात्राओं को स्वीट्स देकर मुंह मीठा कराया। चेतना सत्र से प्रारंभ विद्यालय के पठन पाठन सहित सभी गतिविधि में पहले दिन ही सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय प्रधान ने सभी छात्रों को नियमित स्कूल आने एवं पठन पाठन के साथ खेल कूद , संगीत, क्विज , इको क्लब , बाल संसद सहित तमाम गतिविधियों में भाग लेने के लिए उत्प्रेरित किया । छात्र छात्रा अभिनंदन समारोह के आखिरी में सभी ने राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान में हिस्सा लिया।



# जनगणना प्रशिक्षण संपन्न, 2 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** शुक्रवार को प्रखंड में आगामी भारत की जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर चल रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। गत 13 अप्रैल से शुरू हुए प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नियुक्त प्रगणकों और पर्यवेक्षकों शुक्रवार 24 अप्रैल तक चला प्रतिभागियों की संख्या कुल 432 प्रगणकों और 78 पर्यवेक्षकों ने चार अलग-अलग बैचों में प्रशिक्षण दिया गया। सभी कर्मियों को हाउसहोल्ड सूचित खंड (एचएलबी) आवंटित कर दिए गए हैं और जरूरी दिशा-निर्देश से अवगत कराया जा चुका हैं। प्रशिक्षक पवन कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अब प्रारंभिक स्तर पर ग्राउंड लेवल पर कार्य शुरू होने जा रहा है। मकान सूचीकरण का कार्य 2 मई से प्रारंभ होगा और 31 मई तक चलेगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना के पहले चरण की प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे। प्रशिक्षण खेदन प्रसाद हाई स्कूल शिल्हौरी और नगर पंचायत सभागार में चलाया गया। प्रशासन ने सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भारत की इस महत्वपूर्ण जनगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके।




## डीपीओ पर जांच, 5 साल से 'जुगाड़' पर जमे ऑपरेटर को हटाने का आदेश

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)छपरा।** सारण के शिक्षा विभाग में इन दिनों लगातार खुलासों से हड़कंप मचा हुआ है. पहले जिला पदाधिकारी ने माध्यमिक सह साक्षरता डीपीओ अजीत अमर हरिजन के खिलाफ अवैध पैसे के लेन-देन के आरोप में जांच टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए, और अब उप विकास आयुक्त की जांच रिपोर्ट में डाटा एंट्री ऑपरेटर अवनीश कुमार सिंह उर्फ राहुल सिंह के मामले ने पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया है. जांच में सामने आया है कि अवनीश कुमार सिंह की कोई नियमित नियुक्ति नहीं थी, इसके बावजूद वे करीब पांच वर्षों से जिला शिक्षा कार्यालय में कार्यरत रहे. उन्हें केवल अस्थायी व्यवस्था के तहत काम करने की अनुमति दी गई थी, जिसमें स्पष्ट उल्लेख था कि यह सेवा कभी भी समाप्त की जा सकती है, लेकिन नियमों को दरकिनार कर उन्हें लगातार बनाए रखा गया. रिपोर्ट में यह भी उजागर हुआ कि आउटसोर्सिंग और नियुक्ति से जुड़े विभागीय नियमों का पालन नहीं किया गया और प्रक्रिया को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया. उनके खिलाफ समय-समय पर कई शिकायतें भी दर्ज कराई गईं, जिनमें अनियमितता और पैसे के लेन-देन जैसे गंभीर आरोप शामिल थे. लगातार मिल रही शिकायतों ने विभाग की छवि को प्रभावित किया. जांच में यह भी माना गया कि इस तरह की अनियमित व्यवस्था से कार्यालय की साख पर प्रतिकूल असर पड़ा है और नियमों की खुली अनदेखी हुई है. इन सभी तथ्यों के आधार पर उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट अनुशंसा की है कि अवनीश कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाए और पूरे मामले में विभागीय नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब एक ओर डीपीओ स्तर के अधिकारी पर अवैध वसूली के आरोप में जांच चल रही है और दूसरी ओर बिना वैध नियुक्ति के कर्मचारी वर्षों तक सिस्टम में बना रहता है, तो आखिर सारण शिक्षा विभाग में गड़बड़ी का दायरा कितना बड़ा है और आने वाले दिनों में इस पर कितनी बड़ी कार्रवाई होती है.

## मांझी में एक ही दिन में एक किमी की दूरी पर दो रसल्स वाइपर मिलने से दहशत



**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी नगर पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार महज एक किमी की दूरी पर दो जहरीले रसल्स वाइपर सांप मिलने से इलाके में दहशत का माहौल है। पहला मामला प्रखंड मुख्यालय के पास का है, जहां मिट्टी लाद रही एक ट्रॉली के पास से पांच फुट लंबा रसल्स वाइपर बरामद हुआ। कुछ ही घंटों बाद सात फुट लंबा दूसरा रसल्स वाइपर दुर्गापुर गांव निवासी आनंद सिंह के केला बगान में मिला। भीषण गर्मी के मौसम की वजह से अपनी मांद से बाहर निकले अत्यंत जहरीले सांपों को देखकर अफरा तफरी मच गई। हालांकि बाद में दोनों सांपों को लोगों ने लाठी डंडे से मार डाला।

## वैदिक मंत्रोचारण के साथ भगवान की मूर्तियां हुई प्रतिष्ठापित



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** नगर पंचायत वार्ड नम्बर तीन असोइयां ब्रह्मस्थान के नवनिर्मित मंदिर में भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग और महावीर हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ के पांचवे दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के शिवलिंग और महावीर हनुमान की प्रतिमा की पूजा अर्चना की और अपने लिए सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। यज्ञ के नेतृत्वकर्ता संत श्री भोला बाबा महाराज ने कहा कि मंदिर बन कर तैयार था। लोगों? को महादेव, हनुमान जी और शनि देव की मुर्ति की प्रतीक्षा थी। गांव और नगरवासी के सहयोग से मूर्ति की स्थापना हेतु प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ आयोजित किया गया था। परमपिता की कृपा से और गांव के लोगों के सहयोग से मंदिर में शिव लिंग और महावीर हनुमान और शनिदेव की मुर्ति को प्राण प्रतिष्ठित किया गया है। गांव के लोग को भगवान भोलेनाथ की अब कृपा मिलेगी ऐसा लोगों की श्रद्धा और विश्वास है। शिवलिंग और मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हेतु 18 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा और जलभरी के साथ यज्ञ प्रारंभ हुआ था। यज्ञ के दौरान श्रीमद् भागवत प्रवचन सहित रामलीला का भी मंचन किया गया था जिससे जनमानस में भक्ति का संचार हुआ है। व्यवस्थापक हड़बड़नाथ मंदिर के महंत अंबुज बाबा ने बताया कि महायज्ञ के संचालन में स्थानीय लोगों बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है, काफी संख्या में श्रद्धालुओं के यज्ञ परिसर में आने से माहौल भक्तिमय बना। यज्ञ परिसर में अस्थाई मेला भी लगा जिसमें झूला और मीना बाजार, बच्चों और महिलाओं के आकर्षण में रहा। महायज्ञ के संचालन में युवा विकास समिति के सदस्यों की सक्रियता और आयोजित भंडारा से प्रतिदिन हजारों लोग महायज्ञ का प्रसाद प्राप्त कर रहे है। मूर्ति स्थापना में विद्वान पंडित अचार्य लालजी चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र उपाध्याय, गोलू पाण्डेय, राकेश तिवारी, आकाश ओझा, सुमंत पाण्डेय, अंकित कुमार, भंडारी सुनील तिवारी की टीम के वैदिक मंत्रोच्चार से यज्ञ परिसर गुंजयमान रहा।

### मंदिर परिसर में आयोजित हुई रंगोली प्रतियोगिता

नवनिर्मित मंदिर में भगवान की मूर्ति स्थापना के उपरांत यज्ञ आयोजन कमिटी के तरफ से रंगोली प्रतियोगिता को आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में दर्जनों बालिकाओं ने हिस्सा लिया और मंदिर परिसर की रंगोली से भव्य सजावट की। प्रतियोगिता उपरांत संत श्री भोला बाबा ने सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर उनका उत्साह बढ़ाया।

## मढ़ौरा की मिट्टी में खेल की धीमी पड़ी धड़कन, फिर से तेज हो रही है- नीरज कुमार

**नीरज कुमार/दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा की धरती केवल कृषि उपज के लिए ही नहीं, बल्कि खेल प्रतिभाओं के लिए भी सदैव उर्वर रही है। एक समय था जब यहां के गांवों और मोहल्लों में फुटबॉल और क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा हुआ करते थे। शाम होते ही मैदानों में बच्चों और युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ती थी। हर गांव की अपनी टीम होती थी, हर मुकाबला एक उत्सव जैसा लगता था। खेल के प्रति यह जुनून मढ़ौरा की पहचान



बन चुका था। लेकिन बदलते समय और उपेक्षा के कारण यह परंपरा धीरे-धीरे कमजोर पड़ती गई। खेल के मैदान सूने होने लगे, प्रतिभाएं दिशा के अभाव में भटकने लगीं, और नई पीढ़ी मोबाइल और अन्य व्यस्तताओं में उलझकर खेल से दूर होती चली गई। यह केवल एक क्षेत्र की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि खेल से दूर होती युवा पीढ़ी अपने समग्र विकास के एक महत्वपूर्ण माध्यम से वंचित हो जाती है। ऐसे समय में प्रभाकर सिंह उर्फ मोनू सिंह (पूर्व सैनिक) का प्रयास एक उम्मीद की किरण बनकर सामने आया है। उन्होंने अपने रिटायरमेंट के बाद जिस समर्पण के साथ मढ़ौरा की खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने का कार्य शुरू किया, वह न केवल सराहनीय है बल्कि अनुकरणीय भी है। सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों को प्रशिक्षण देना, उन्हें अनुशासन और टीम भावना सिखाना, और साथ ही कोच एवं रेफरी की दोहरी जिम्मेदारी निभाना—यह सब उनके अथक परिश्रम और निस्वार्थ सेवा भाव का प्रमाण है। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज मढ़ौरा के खिलाड़ी फिर से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगे हैं। यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। यह दिखाता है कि यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो ग्रामीण प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं। हालांकि, यह भी उतना ही सत्य है कि किसी एक व्यक्ति के प्रयास से स्थायी परिवर्तन संभव नहीं है। इसके लिए सामूहिक भागीदारी अनिवार्य है। मढ़ौरा के सभी पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षण संस्थानों और समाज के जागरूक नागरिकों को आगे आना होगा। खेल मैदानों का विकास, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, नियमित प्रतियोगिताओं का आयोजन और प्रतिभाओं को प्रोत्साहन—ये सभी कदम मिलकर ही एक मजबूत खेल संरचना तैयार कर सकते हैं। सरकार की योजनाएं भी तभी सफल होती हैं जब स्थानीय स्तर पर उन्हें ईमानदारी से लागू किया जाए। पंचायत स्तर पर खेल को प्राथमिकता देना, स्कूलों में खेल गतिविधियों को अनिवार्य बनाना और युवाओं को नशे एवं भटकाव से दूर रखने के लिए खेल को माध्यम बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

खेल केवल शरीर को स्वस्थ रखने का साधन नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण का आधार भी है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क की भावना विकसित होती है। खेल उन्हें हार-जीत से ऊपर उठकर जीवन के बड़े सबक सिखाता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। मढ़ौरा के संदर्भ में यह समय एक नए मोड़ का संकेत दे रहा है। अगर आज हम इस प्रयास को एक जन-आंदोलन का रूप दे सकें, तो आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र खेल के क्षेत्र में नई पहचान बना सकता है। जरूरत केवल इस बात की है कि हम सब मिलकर इस दिशा में एकजुट प्रयास करें।अंततः, यह कहना गलत नहीं होगा कि मढ़ौरा की मिट्टी में खेल की जो धड़कन कभी धीमी पड़ गई थी, वह फिर से तेज हो रही है। अब यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि इस धड़कन को निरंतर बनाए रखें और इसे एक सशक्त पहचान में बदल दें।

## सारण खेल महोत्सव 2026 का हुआ भव्य शुभारंभ




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शुक्रवार को सारण खेल महोत्सव का राजेन्द्र स्टेडियम छपरा में भव्य शुभारंभ हुआ। इस महोत्सव के तहत सारण प्लेयर्स लीग क्रिकेट के तीसरे संस्करण का उद्घाटन भाजपा के किसान मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सेंगर की अध्यक्षता में हुआ। इस लीग में सारण के कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं और यह पूरा टूर्नामेंट 15 दिन तक चलेगा। 10 मई को फाइनल खेला जाएगा। उद्घाटन समारोह के अपने संबोधन में श्री सेंगर ने बताया कि इस वर्ष का यह खेल महोत्सव पूरे साल चलेगा यानि हर महीने एक-दो खेल टूर्नामेंट होते रहेंगे। पिछले वर्ष का महोत्सव सारण के खेल इतिहास में एक बेंचमार्क स्थापित कर चुका है और हमें इससे भी बेहतर करना होगा। कुछ ऐसे खेल जो पिछले वर्ष नहीं हो सके थे, उन्हें भी कराने का प्रयास किया जाएगा। सारण में खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है बस उन्हें प्लेटफॉर्म मिले तो वो भी भारतीय टीम तक पहुंच सकते हैं। पिछले वर्ष इस टूर्नामेंट में खेले कई खिलाड़ी आज रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सीपीएस डायरेक्टर डॉज़ हरेंद्र प्रसाद सिंह, विभूति नारायण शर्मा, डॉज़ सुरेश प्रसाद सिंह, डाज़ पृथ्वीराज सिंह, सारण क्रिकेट संघ अध्यक्ष अनु सिंह, पॉल इस्माइल, योगा संघ सचिव यशपाल कुमार, मनोज कुमार वर्मा संकल्प, राहुल मेहता, विक्की आनंद, ट्विंकल कुमार, पंकज कुमार चौहान, चंदन कुमार शर्मा, नवनीत कुमार,राजीव कुमार सिंह, हरिराम शास्त्री, डॉ ओंकार नाथ, उज्जवल मिश्रा, रमेश कुमार सिंह, राजीव रंजन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




## मढ़ौरा नपं में समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय नगर प्रशासन ने नपं क्षेत्र में समस्याओं के समाधान के लिए विशेष तरीका अपनाया है। जिसमें शहर की बुनियादी नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नपं कार्यपालक पदाधिकारी हरिश्चंद्र द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 06159231024 पर अब नगर वासी कॉल कर अपनी शिकायत व सुझाव दर्ज करा सकते है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी हरिश्चंद्र ने कहा कि अब आम लोगों की सीधे सहभागिता से समस्याओं के निपटारा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। नपं क्षेत्र में घर-घर से कचरा उठाने, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, सड़कों पर जल जमाव की समस्या, आवारा कुत्तों से संबंधित शिकायतें,सड़क, गली की नियमित सफाई, नाला उड़ाही और खराब सड़कों की मरम्मत, खुले में कूड़ा जलाने और सड़क-फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ भी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। साथ ही किसी को कोइ व्यवस्था सुधार के लिए कोइ सुझाव भी हो तो दे सकते हैं। प्राप्त शिकायतों और सुझावों पर त्वरित गति से कार्रवाई की जाएगी।

## आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** रघुनाथपुर थाना में तैनात दो पुलिस कर्मियों की आपत्तिजनक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के मामले पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी के निर्देश पर इस संबंध में कांड दर्ज करते हुए पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी अफरोज अली व सरफराज खान हैं। जिनसे पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में एसपी ने बताया कि विगत 19 अप्रैल को इंटरनेट मीडिया पर पुलिस कर्मियों से संबंधित एक आपत्तिजनक कथित वीडियो शरारती तत्वों द्वारा बनाकर प्रसारित किया गया। इस संबंध में साइबर थाना द्वारा कांड दर्ज कर तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान किया गया। अनुसंधान के क्रम में वीडियो बनाने एवं उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने वाले आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में अग्रेतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। साथ हीं कहा कि किसी भी प्रकार के संवेदनशील एवं आपत्तिजनक वीडियो को इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर साझा या प्रसारित करने से बचें। इस प्रकार की गतिविधि कानूनन अपराध है। इस प्रकरण में भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री को प्रसारित करने वाले सभी संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत कांड दर्ज कर कठोरतम विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।--

## निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान नवजात की मौत,जमकर हंगामा

**परवेज अख्तर/सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोड़ के समीप डा. उमेश के निजी क्लीनिक में शुक्रवार को इलाज के दौरान एक नवजात की मौत हो गई। मौत की जानकारी जैसे हीं स्वजनों को हुई, उनलोगों ने हंगमा करना शुरू कर दिया। हालांकि घटना की सूचना मिलते हीं डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे स्वजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। घटना के संबंध में स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार दारोगा हाता निवासी मनु साह के भाभी ने सदर अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। इस दौरान पेट में ही नवजात ने गंदा पानी पी लिया था। जिसके इलाज के लिए डा. उमेश कुमार के भर्ती कराया गया। करीब 15 दिनों तक नवजात को नर्सिंग होम में रखकर इलाज किया जा रहा था। वहीं स्वजनों से अलग-अलग जांच के नाम पर कभी 15 तो कभी 20 हजार की उगाही की जा रही थी। जांच के नाम पर एक से दो दिन के बाद पैसा जमा कराया जा रहा था। पीड़ित मनु साह ने बताया कि डाक्टर के द्वारा गलत इलाज किया गया है। गुरुवार की शाम नर्सिंग होम पहुंचे तो बच्चे को स्वस्थ पाया। डाक्टर के द्वारा सब कुछ सामान होने की बात बताई गई। शुक्रवार की सुबह बच्चें की अचानक तबीयत बिगड़ने पर इधर-उधर रेफर करने की बात डाक्टर के द्वारा की गई थी। बच्चे से मिलने नहीं दिया जा रहा था। करीब 11 बजे के आसपास कंपाउंडर के द्वारा सूचना दिया गया कि बच्चे की मौत हो गई है।।

## सिवान शहर में शार्ट सर्किट से बंबू रेस्टोरेंट में लगी आग, 90लाख का नुकसान

**परवेज अख्तर/सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के राजेंद्र पथ स्थित पीदेवी मोड़ के समीप शुक्रवार की अल सुबह बंबू रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते हीं देखते पूरा रेस्टोरेंट जलकर राख में तब्दील हो गया। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। आग की लपटें निकलती देख वहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। हालांकि सूचना के एक घंटे के बाद अग्निशमन की टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाई। तबतक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और लगभग सबकुछ जलकर राख में तब्दील हो चुका था। स्थानीय लोगों की मानें तो आग लगने का प्रारंभिक कारण बिजली का शार्ट सर्किट बताया जाता है। लोगों ने बताया कि रेस्टोरेंट में लगे बिजली मीटर से चिंगारी उठने के बाद आग ने विकराल रूप ले लिया। रेस्टोरेंट के मालिक सह अधिवक्ता सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि उन्हें आसपास के लोगों से आग लगने की सूचना मिली थी। उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया। उन्होंने सूचना के बावजूद एक घंटे देरी से अग्निशमन की टीम के पहुंचने का आरोप भी लगाया है। बताया कि जब दमकल की टीम पहुंची, तबतक आग पूरी तरह फैल चुकी थी और रेस्टोरेंट को बचाना संभव नहीं था। रेस्टोरेंट मालिक के अनुसार, इस अग्निकांड में लगभग 90 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग भयभीत हो गए और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

## सिटी मांटेसरी स्कूल में धूमधाम से मना विजय दिवस

**सिवान।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को सिटी मोंटेसरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अंग्रेजों को धूल चटाने वाले इस महान योद्धा की स्मृति में पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में डूबा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह और वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा वीर कुंवर सिंह द्वारा बाबू कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 80 वर्ष की उम्र में जो साहस बाबू वीर कुंवर सिंह ने दिखाया, वह आज के युवाओं के लिए ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने हाथ काटकर मां गंगा को समर्पित करने वाले बलिदान का भी उल्लेख किया। उत्सव के दौरान विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्रों ने 1857 की क्रांति और कुंवर सिंह विषय पर अपने ओजस्वी विचार रखे। बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों और लघु नाटिका के माध्यम से उनकी गौरव गाथा प्रस्तुत की गई। शिक्षक अरुणेश कुमार दुबे और रामानुज मिश्रा ने जगदीशपुर से लेकर आजमगढ़ तक उनकी विजय यात्रा के ऐतिहासिक तथ्यों को साझा किया। इस विशेष दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में पार्वती कुशवाहा, अनिल कुमार सहित विद्यालय के समस्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच संचालन विद्यालय के वरिष्ठ छात्रों द्वारा किया गया और अंत में राष्ट्गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।--

## दो माह से वेतन नहीं मिलने पर सफाई कर्मियों ने किया हंगामा

**सिवान।** पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण आक्रोशित सफाई कर्मियों ने नगर परिषद के मुख्य गेट पर जमकर हंगामा किया। इस दौरान उनलोगों ने कार्यपालक पदाधिकारी कार्यालय का भी घेराव किया। आक्रोशित सफाई कर्मियों ने बताया कि लगातार दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका परिवार का भरण पोषण करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द से जल्द बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी ईओ व नगर परिषद प्रशासन की होगी।

# हथियार के बल पर राहगीरों को लूटने की योजना बनाते दो बदमाश गिरफ्तार



**दैनिक खोज खबर/ भगवानपुर हाट (सिवान)।** राहगीरों को लूटने व अन्य किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गुरूवार को थाना क्षेत्र के महमदा गजियापुर पथ से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। जबकि मौके का फायदा उठाते हुए तीन अन्य बदमाश फरार हो गए। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान महमदा निवासी सुजीत कुमार एवं सचिन कुमार के रूप में हुई है। जिनके पास से पुलिस ने एक कट्टा, एक गोली बरामद किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुरूवार को गुप्त सूचना मिली कि महमदा-गजियापुर पथ पर सुनसान स्थान पर पांच बदमाश किसी बड़े घटना को अंजाम देने और राहगीरों को लूटने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पीएसआई छपित कुमार के नेतृत्व में टीम द्वारा छापेमारी की गई। जहां से दो को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया, वहीं तीन अन्य साथी फरार हो गए, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने बताया कि उक्त रास्ते से गुजरने वाली बरात व तिलक की सामग्री लूटने की योजना थी। बताया जाता है कि सुजीत कुमार मैरवा थाना में एक आपराधिक मामले का अभियुक्त भी है।

## अवैध हथियार व चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध हथियार व चोरी के सामान के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवकों में गोपालगंज के मीरगंज थाना क्षेत्र के कुसौधी बाजार (गोसाई सीरिसिया) निवासी राम गिरि व नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड निवासी अजय प्रसाद शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक कट्टा, एक कारतूस व काफी मात्रा में कापर वायर बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि सक्रिय पुलिसिंग के तहत जिला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बताया कि विगत 21 अप्रैल को नगर थाना को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कांड संख्या 448/26 का अभियुक्त को गांधी मैदान के पास देखा गया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर थाना की पुलिस टीम द्वारा उक्त स्थल पर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में अभियुक्त श्रीराम गिरि को गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान उसके पास से एक कट्टा एवं एक कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में नगर थाना द्वारा धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज किया गया। वहीं पूछताछ के क्रम में उसने चोरी की घटना को अंजमा देने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है तथा उनके द्वारा बताया गया कि रिलायंस ज्वेलरी में 20/21 मार्च को एसी का पाइप तथा सदर अस्पताल में दिनांक 30 मार्च को कापर का पाइप काट कर कबाड़ी दुकानदार अजय प्रसाद को बेचा है। अभियुक्त की निशानदेही पर अजय प्रसाद की दुकान में छापेमारी की गई। साथ हीं दुकानदार को भी गिरफ्तार करते कापर पाइप को बरामद किया गया।

## विशेष अभियान के तहत 24 घंटे में 31 गिरफ्तार

सिवान ~पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 31 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 31 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 31 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में 15, वारंट के कांड में एक, आर्म्स एक्ट के कांड में दो, हत्या के कांड में एक, आई.टी एक्ट के कांड में दो व विविध के कांड में नौ गिरफ्तारी की गई। वहीं 1259.53 लीटर देसी व विदेसी शराब जब्त की गई। जबकि 29 वारंट व दो कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 99 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। बताया कि एक कट्टा, एक गोली, तीन दो पहिया वाहन सहित अन्य सामान को बरामद किया गया।

## स्कार्पियो से शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के टेढ़ी घाट से उत्पाद विभाग की टीम ने एक स्कार्पियो से शराब बरामद करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया है। मामले में उत्पाद इंस्पेक्टर सह सदर थानाध्यक्ष अंकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक स्कार्पियो से यूपी से शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टेढ़ी घाट के समीप छापेमारी की गई तो स्कार्पियो से 945 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। वही तस्कर दीपक साहनी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## किशोरी की सर्पदंश के बाद इलाज के दौरान मौत

**सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के तरवारा कोइरी टोला निवासी धर्मेंद्र प्रसाद कुशवाहा की 15 वर्षीय पुत्री निधि कुमारी की मौत सर्पदंश से शुक्रवार को इलाज के दौरान सदर अस्पताल में हो गई। मिली जानकारी अनुसार निधि कुमार गुरूवार की देर रात करीब एक बजे अपने घर के कमरे में पलंग पर सो रही थी। तभी सर्प ने बाएं हाथ की उंगली में दंस लिया। स्वजन उसे इलाज के लिए आनन फानन में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टर ने उसका इलाज शुरू किया। वहीं इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

## करहनु पीएसएस की क्षमता होगी दोगुनी

**सिवान।** हुसैनगंज प्रखंड के करहनु में स्थापित पावर सब स्टेशन की क्षमता विस्तार का कार्य शुक्रवार से शुरू हो गया है। वर्तमान में पांच एमवीए क्षमता वाले इस सब स्टेशन को बढ़ाकर दस एमवीए किया जा रहा है। इससे इलाके के उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। सिवान ग्रामीण के सहायक विद्युत अभियंता प्रशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि पीएसएस की क्षमता को बढ़ाने का कार्य तेजी से जारी है और इसे रविवार तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। कार्य के दौरान करहनु पीएसएस से जुड़े उपभोक्ताओं को किसी तरह की असुविधा नहीं हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की गई है। इस अवधि में शहर के रामनगर पावर सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति की जा रही है। क्षमता विस्तार के बाद क्षेत्र में लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से राहत मिलेगी, इससे लोगों को गर्मी में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

## शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सिवान ।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के धनपुरा गांव से पुलिस ने शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर सोहा नट हैं। मामले में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान सोहा नट को 105 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया हैं। जिससे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## इश्तेहार का किया गया तामिला

**सिवान ।** बसंतपुर थाना की पुलिस ने अभियुक्त के घर विधिवत इश्तेहार का तामिला किया है। इस संबंध थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि गुरुवार को बसंतपुर थाना कांड संख्या-287/24 धारा-304(बी)/34 आइपीसी में संलिप्त अभियुक्त के घर पर विधिवत इश्तेहार का तामिला किया गया।

## महिला आरक्षण बिल को ले भाकपा माले व ऐपवा ने किया विरोध प्रदर्शन

**आंदर (सिवान)।** महिला आरक्षण बिल को लेकर भाकपा माले व ऐपवा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रखंड सचिव युगल किशोर ठाकुर, ऐपवा नेत्री मंजीत कौर ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार इस मुद्दे पर केवल आश्वासन देकर जनता को गुमराह कर रही है। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग वर्ष 2023 में संसद द्वारा पारित 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू करना था। कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार महिलाओं को केवल चुनावी लाभ के लिए इस्तेमाल कर रही है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द आरक्षण लागू नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## पिकअप नें बाइक सवार युवक को रौदा

**गुठनी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के गुठनी-मैरवा राष्ट्रीय उच्च पथ 227 ए रामजानकी पथ पर स्थित चिताखाल गांव के समीप शुक्रवार की दोपहर एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को धक्का मार दिया। इससे बाइक पर सवार दोनों युवक गिरकर घायल हो गए। जबतक आसपास के लोग पहुंचते तबतक एक युवक की मौके पर हीं मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों की मदद से दूसरे घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान पीयूष कुमार के रूप में हुई है, जबकि घायल उकरेडी निवासी पवन राजभर है। घटना के संबंध में घायल ने बताया कि गांव के हीं मित्र पीयूष के साथ पूजा करने मेहंदार मंदिर गए थे। वहां से लौटने के क्रम में दरौली में अपनी बुआ के घर मिलने चला गया। बुआ के कहने पर उनको छोड़ने के लिए मैरवा चला गया, जहां से लौटने के क्रम में चिताखाल गांव के सामने गुठनी की तरफ जा रहे पिकअप ने ठोकर मार दिया। ठोकर मारने के बाद वह भागने में सफल रहा।मामलें में थानाध्यक्ष ने बताया की पीयूष के शव को पोस्टमार्टम तथा पवन को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## शराब के नशे में हंगामा कर रहा शराबी गिरफ्तार

**आंदर (सिवान)।** थाना की पुलिस टीम ने नरेंद्रपुर गांव में शराब पीकर हल्ला-हंगामा कर रहे एक शराबी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराबी पंकज राम है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराबी को अग्रेतर कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया।

## सिंगापुर जैसी समुद्री तटरेखा की तर्ज पर सोनपुर में गंगा-गंडक के विशाल तटों पर विकसित होगा हरिहरनाथपुरम- राजीव प्रताप रूडी

- सांसद राजीव प्रताप रूडी की हरिहरनाथपुरम परिकल्पना से बदलेगी सारण की तस्वीर
- संगापुर के भौगोलिक स्वरूप 744 वर्ग किमी के मुकाबले सोनपुर को 680 वर्ग किलोमीटर में विकसित करने का लक्ष्य
- सांसद रूडी पिछले 5 वर्षो से तैयार कर रहे हैं विश्व-स्तरीय मास्टर प्लान और नक्शा
- सोनपुर में नए हवाई अड्डे का निर्माण और पटना मरीन ड्राइव की तर्ज पर सोनपुर-आमी गंगा पथ का भी निर्माण
- रायपुर, ढोलेरा, न्यू चंडीगढ़ और अमरावती से भी विशाल होगा नया शहर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सारण के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी की एक महात्वाकांक्षी परिकल्पना अब धरातल पर उतरने के लिए तैयार है। सांसद रूडी ने सोनपुर को विश्व के सबसे आधुनिक शहर सिंगापुर की तर्ज पर विकसित करने का रोडमैप तैयार किया है। इस परियोजना को हरिहरनाथपुरम नाम दिया गया है, जो न केवल बिहार बल्कि देश के सबसे व्यवस्थित सैटेलाइट शहरों में से एक होगा। सांसद रूडी ने इस प्रोजेक्ट के पीछे के तर्क को स्पष्ट करते हुए कहा कि जहाँ सिंगापुर का क्षेत्रफल लगभग 733 से 744 वर्ग किलोमीटर है, वहीं सोनपुर का विस्तार अब 680 वर्ग किलोमीटर के दायरे में किया जा रहा है। जिस प्रकार सिंगापुर अपनी समुद्री तटरेखा के कारण वैश्विक आकर्षण का केंद्र है, उसी प्रकार सोनपुर गंगा और गंडक



जैसी दो विशाल नदियों के तट पर स्थित है। भौगोलिक रूप से यह समानता इसे एक पर्यटन और व्यापारिक हब बनाने के लिए सर्वोत्तम बनाती है। इस मास्टर प्लान पर सांसद पिछले 5 वर्षों से निरंतर विशेषज्ञों की टीम के साथ काम कर रहे हैं। मालूम हो कि पहले ही सोनपुर में एक आधुनिक हवाई अड्डे के निर्माण स्वीकृत है, जिससे सारण सीधे वैश्विक हवाई नेटवर्क से जुड़ जाएगा। इसके अतिरिक्त, पटना के गंगा पथ की तर्ज पर सोनपुर-आमी गंगा पथ के निर्माण की योजना है, जो क्षेत्र की यातायात व्यवस्था और सुंदरता को नया आयाम देगी। सांसद रूडी का दावा है कि हरिहरनाथपुरम का आकार और सुविधाएं देश के प्रसिद्ध नए विकसित शहरों जैसे रायपुर, ढोलेरा, न्यू चंडीगढ़ और अमरावती से भी कहीं अधिक व्यापक होंगी। यह प्रोजेक्ट न केवल शहरीकरण को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और निवेश की अपार संभावनाएं पैदा करेगा। यह परियोजना सोनपुर की धार्मिक और ऐतिहासिक पहचान को बरकरार रखते हुए उसे एक स्मार्ट और ग्लोबल सिटी में तब्दील करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

## एडीएम ने अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**भगवानपुर हाट (सिवान) ।** अंचलाधिकारियों एवं राजस्व कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण अंचल कार्यालय का कार्य लगभग ठप पर गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को एडीएम प्रमोद कुमार ने अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण संचिकाओं की जांच की तथा प्रभारी सीओ सह आरओ निवेदिता त्रिपाठी को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने कर्मचारी शिवजी राय को दाखिल खारिज, परिमार्जन जैसे आवश्यक कार्य की जांच एवं अनुशंसा के लिए अधिकृत भी किया। साथ हीं जाति, आय, निवास प्रमाण पत्रों के आवेदनों की जांच कर अनुशंसा के लिए कृषि समन्वयकों को जिम्मेदारी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनहित में किसी के काम को लंबित रखना अपराध है। उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़ी समस्या जटिल नहीं हो, किसी को परेशानी नहीं हो, इसके लिए व्यवस्था बना दी गई है । इस क्रम में उन्होंने नजारत का कैश बुक, आगत निर्गत पंजी , उपस्थिति पंजी, आरटीपीएस काउंटर का भी जायजा लिया। एडीएम ने सभी कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अंचल कार्यालय, आरटीपीएस काउंटर पर आने वाले हर व्यक्ति का स्व गणना जरूर करावें। उन्होंने सभी के लिए कम से कम दस लोगों की स्व-गणना कराने का निर्देश ।

## अलग-अलग गांव में दो घरों से डेढ लाख नकद समेत तीस लाख की संपत्ति की चोरी

**बड़हरिया (सिवान)।** थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात चोरों ने दो अलग-अलग गांवों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। थाना क्षेत्र के पडरौना व हरदिया गांव में इन घटनाओं में डेढ लाख नकद समेत तीस लाख की संपत्ति की चोरी हुई है। पहली घटना पड़रौना में हुई है, जहां चोरों ने देवराज यादव के घर की दीवार के सहारे छत पर चढ़कर व आंगन में उतरकर घर के लोगों को बंधक बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि गुरूवार को भीषण गर्मी के कारण सभी लोग छत पर सो रहे थे। वहीं शंभू कुमार व उनकी पत्नी घर में सो रहे थे। इस दौरान चोरों ने शंभू व उनकी पत्नी को बंधक बना लिया और पांच कमरों में बारी-बारी से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित गृहस्वामी देवराज यादव ने बताया कि चोरों ने मंतूरनी देवी के कमरे से लगभग 80 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण चुराए। वहीं उमेश यादव के कमरे से सात थान सोने और चार थान चांद के गहने, दिनेश यादव के कमरे से नकदी और जेवरात, मनीष यादव के कमरे से 12 थान गहने तथा शंभू यादव के कमरे से सोने-चांदी के गहनों के साथ करीब 20 हजार रुपये नकद चोरी किए गए। कुल मिलाकर, लगभग 30 लाख रुपये के गहने और एक लाख रुपये नकद की चोरी हुई है। घटना की सूचना रात करीब एक बजे डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलते हीं पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अगले दिन शुक्रवार को एसआई अमित कुमार भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गहन छानबीन की। वहीं दूसरी घटना हरदिया गांव में हुई, जहां चोरों ने जगमोहन बांसफोर के बंद घर को निशाना बनाया। जहां पूरा परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए बरौली गया हुआ था। चोरों ने घर का सामान बाहर फेंक दिया। इस चोरी की घटना में गैस सिलेंडर के अलावा बक्सा में रखे कपड़े, एक जोड़ा कान बाली और लगभग 30 हजार रूपये नकद सहित 70 हजार की चोरी की गई है।

## बैठक से लगातार अनुपस्थित सचिव पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग

**सिवान।** शहर के श्रीगोपाल कृष्ण गौशाला की कार्यकारिणी समिति की बैठक में सचिव की लगातार अनुपस्थिति का मामला तूल पकड़ लिया है। इस संबंध में सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने गौशाला विकास पदाधिकारी बिहार पटना को पत्र लिखकर सचिव के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। पत्र में एसडीओ ने बताया है कि विगत 21 अप्रैल को गौशाला की कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें नई कार्यकारिणी समिति के चुनाव को लेकर विचार-विमर्श होना था। हालांकि, बैठक की पूर्व सूचना दिए जाने के बावजूद भी सचिव अनुपस्थित रहे। इस दौरान उनसे संपर्क करने की कोशिश भी की गई, लेकिन उन्होंनें काल को इग्नोर कर दिया। उन्होंने बताया है कि इससे पूर्व 15 जनवरी, 27 जनवरी, 18 फरवरी और 21 फरवरी को भी बैठक बुलाई गई थी, जिसमें भी वे अनुपस्थित रहे थे। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा है कि सचिव का यह रवैया सरकारी कार्यों में सहयोग नहीं करने की मंशा, स्वेच्छाचारिता और अनुशासनहीनता को दर्शाता है। सचिव की लगातार अनुपस्थिति के कारण गौशाला से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय नहीं लिया जा पा रहा है। इससे कार्य प्रभावित हो रहा है।

## इसुआपुर प्रखंड के हंकारपुर गांव में अखण्ड अष्टयाम का शुरुआत



**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के लौआ पंचायत के हंकारपुर गांव में 24 घंटे के अखंड अष्टयाम का शुरुआत हुआ . समाज कल्याण के उद्देश्य कराए जा रहे इस यज्ञ में पंडित अजीत तिवारी तथा पंडित विमल तिवारी के मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्ति मय हो गया. यज्ञ का संकल्प जवाहर राय तथा उनकी पत्नी शिवझरी देवी ने लिया. इसके पूर्व 251 कन्या, महिलाओं तथा पुरुषों ने हाथों में कलश लिए घोड़े तथा डीजे के साथ एक जुलूस के रूप में यज्ञ स्थल से चलकर लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए संढ़वारा बाजार शिव मंदिर परिसर स्थित तालाब से जलभरी कर पुनः यज्ञ स्थल पहुचे.जहां पवित्र जल से यज्ञ का श्रीगणेश किया गया.जुलूस का नेतृत्व मुखिया प्रतिनिधि अजय साह, पूर्ब मुखिया अच्छेलाल राय,बीडीसी हरेराम राय, पूर्ब बीडीसी अशोक राय,विजय राय,अरुण राय,गोपाल राय,अखिलेश राय, संजय राय,ध्रुप राय,दशरथ राय,संतोष राय,गुरुदेव राय,देवलखन राय,लालबाबू राय,सुनील राय,पंकज राय आदि ने किया.

## बाबा हरिहरनाथ मंदिर की संध्या आरती में पटना हाई कोर्ट के न्यायाधीश शामिल



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र के पावन भूमि पर पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने सोनपुर अनुमंडल न्यायालय परिसर में नए व्यवहार न्यायालय भवन के भूमि पूजन के बाद शुक्रवार के संध्या बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने संध्या आरती में शामिल होकर बाबा हरिहरनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार की माता जी और परिवार के साथ कई गणमान्य न्यायाधीश ने भगवान हरिहरनाथ के दिव्य श्रृंगार आरती पुजन कर दर्शन किए। उपर्युक्त अवसर पर हरिहरनाथ मन्दिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला, कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह, उपकोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिन्हा सहित अन्यान्य पुजारीगण ने मुख्य न्यायाधीश, उनके माता जी और सभी महानुभावों को पुष्पमाल्य पहनाकर अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किए। पटना उच्च न्यायालय के न्यायधीश समय-समय पर बिहार के सोनपुर स्थित प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए आते रहते हैं। इससे पूर्व पटना हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति शशिभूषण प्रसाद सिंह ने अपने परिवार के साथ बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। न्यायमूर्ति प्रभात कुमार सिंह और न्यायमूर्ति संजय करोल भी मंदिर में आ चुके हैं। यह मंदिर न केवल एक प्रमुख तीर्थस्थल है, बल्कि प्रशासनिक और न्यायिक जगत से जुड़ी हस्तियों के लिए आस्था का केंद्र भी रहा है।